A

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

709

वार्षिक मूल्यांकन 2017-18

हिंदी

कक्षा-7 समय: 2 घंटे

सामान्य निर्देश-
- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़ें।
- छह गतिविधियों में से किन्हीं **पाँच** का उत्तर लिखें।

गतिविधि-1

सूचना : कविताँश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

एक-एक यदि पेड़ लगाओ,
तो तुम बाग लगा दोगे।
एक-एक यदि ईंट जोड़ो,
तो तुम महल बना दोगे।
एक-एक यदि पैसा जोड़ो,
तो बन जाओगे धनवान।
एक-एक यदि अक्षर पढ़ लो,
तो बन जाओगे विद्वान।

(ईंट- ഇഷ്ടിക)

क) विद्वान कैसे बन जाओगे?

(पेड़ लगाने से, महल बनाने से, अक्षर पढ़ने से, पैसा जोड़ने से)

ख) कविताँश के लिए उचित शीर्षक दें।

ग) कविताँश का **आशय** लिखें।

गतिविधि-2

सूचना : प्रोफाईल पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

नाम	: डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम
जन्म	: 15 अक्तूबर 1931
स्थान	: रामेश्वरम्, तमिलनाडु
मृत्यु	: 27 जुलाई 2015, शिलॉंग, मेघालय

पिता	: जैनुलअबदीन
माता	: आशियम्मा
कार्यक्षेत्र	: राजनीति का क्षेत्र, विज्ञान का क्षेत्र
पद	: भारत के पूर्व राष्ट्रपति, इसरो (ISRO) के विख्यात वैज्ञानिक
उपलब्धियाँ	: 1981 में भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण से सम्मानित 1990 में भारत सरकार द्वारा पद्मविभूषण से सम्मानित 1997 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित

क) भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम का कार्यक्षेत्र कौन सा है?

(व्यवसाय, सिनेमा, विज्ञान, कला)

ख) डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम की **जीवनी का अंश** तैयार करें।

गतिविधि-3

सूचना : गद्यांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

12 मार्च 2018 को कोल्लम सरकारी हाई स्कूल के नए मकान तथा हाई-टेक कक्षा का उद्घाटन होने वाला है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आदरणीय शिक्षा मंत्री प्रोफ. सी.रवींद्रनाथ करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों के शैक्षिक उपजों का प्रदर्शन होगा।

क) कार्यक्रम का उद्घाटन कौन करेंगे?

ख) उद्घाटन समारोह का एक **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि-4

सूचना : गद्यांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

6 मई की शाम को मीना ने गुलमोहर के पेड़ का जन्मदिन मनाया। उपहार लेकर सारे मित्र आए थे। उस दिन मीना बहुत खुश थी। मीना अपने दोस्तों को गुलमोहर की कहानी सुनाने लगी। मीना जब कहानी सुना चुकी तो उसने गुलमोहर की तरफ़ देखा। उसको लगा जैसे गुलमोहर भी अपनी कहानी सुनता-सुनता मुस्करा रहा था।

क) रेखांकित वाक्य का मातृभाषा में अनुवाद करें।

ख) 6 मई की मीना की **डायरी** लिखें।

गतिविधि-5

सूचना : पदसूर्य पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।



क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- संचार माध्यमों में केवल मनोरंजक कार्यक्रम होते हैं।
- संचार माध्यमों में केवल ज्ञानवर्धक कार्यक्रम होते हैं।
- संचार माध्यमों में ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक कार्यक्रम होते हैं।
- संचार माध्यमों में ज्ञानवर्धक या मनोरंजक कार्यक्रम नहीं होते।

ख) **समाज में संचार माध्यमों का असर** विषय पर **लघुलेख** तैयार करें।

गतिविधि-6

सूचना : गद्यांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों का उत्तर लिखें।

सीटी बजी, सभी दौड़ पड़े। सभी जीतने की उत्सुकता के साथ आगे बढ़े। तभी एक छोटा लड़का ठोकर खाकर लड़खड़ाया, गिरा और रो पड़ा। उसकी आवाज़ सुनकर बाकी सब उसकी मदद करने के लिए लौट आए। सारे बच्चों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ा और साथ मिलकर दौड़ लगाई।

क) इस घटना का विवरण देते हुए छोटे लड़के ने अपने दोस्त राहुल के नाम पत्र लिखा। वह **पत्र** लिखें।

ख) 'दौड़ में एक लड़का गिरा'।

लड़का शब्द के बदले **लड़की** शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।